**राजकीय महाविद्यालय झंडूता ,**

**जिला बिलासपुर,**

**हिमाचल प्रदेश,**

**वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23**

हमारे आज के समारोह के मुख्य अतिथि श्री विवेक कुमारजी माननीय पूर्वाध्यक्ष, कृषि उत्पाद विपणन समिति बिलासपुर एवं उपस्थित अन्य अतिथि गण, आप सभी महाविद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के सुअवसर पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत । आज हमारा परम सौभाग्य है कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय राजनेता ने हमारे आग्रह को स्वीकार कर इस समारोह की अध्यक्षता करने का अवसर देकर, हमें अनुग्रहित किया है। आपने एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हुए अपनी सफलता के शिखर को प्राप्त किया है। आपने जनसेवा का जो मार्ग चुना है, वह वास्तव में आपकी समाज के प्रति बहुत कुछ करने की उत्कृष्ट प्रवृत्ति को दर्शाता है। आपकी कार्यशैली एवं व्यवहार कुशलता से सभी लोग चिर-परिचित हैं। आज हमारे विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि वह आज ऐसे प्रतिष्ठित एवं विशिष्ट महानुभाव के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत होंगे जो स्वंय लगन, कर्मठता, साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

महोदय

मैं आपकी अनुमति से सत्र 2022-23 की विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत कर रही हूं ।

**महाविद्यालय की स्थापना :-**

इस महाविद्यालय की स्थापना सन 2007 में हुई थी। 9 वर्ष स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में बिताने के उपरांत जुलाई 2016 में महाविद्यालय को अपना भवन मिल गया । वर्तमान में इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के स्नातक स्तर की कक्षाएं चल रही हैं।

**कर्मचारी विवरण:-**

सरकार द्वारा तीनों संकाय के लिए प्राध्यापकों के कुल 19 पद स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें की कला संकाय में 08 , वाणिज्य में 02 एवं विज्ञान संकाय में 04 प्राध्यापक कार्यरत हैं। महाविद्यालय में प्राध्यापकों के 04 पद रिक्त हैं । कार्यालय स्टाफ के कुल 6 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 3 पद रिक्त हैं। पुस्तकालय में 4 स्वीकृत पदों में 03 पद रिक्त हैं। प्रयोगशाला परिचरों के लिए 5 पदों में से 4 पद भरे हुए हैं। वाणिज्य संकाय कक्षाएं 2016 में आरंभ हुई। इस संकाय में वर्तमान में 2 पद स्वीकृत है। विज्ञान संकाय 2017 से ही प्रारंभ हुआ। विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान में कोई पद स्वीकृत नहीं है।

महोदय, इस वर्ष निम्नलिखित प्राध्यापक वर्ग व करमचारियों ने महाविद्यालय में कार्यभार समभाला:-

- प्रो.नितेश कुमार सहायक -आचार्य रसायन विज्ञान राजकीय महाविद्यालय जुखाला से
- प्रो. राजेंदर कुमार सहायक आचार्य भूगोल राजकीय महाविद्यालय घुमारवी से
- प्रो. बलबीर सहायक आचार्य संगीत वादन राजकीय महाविद्यालय सिहुंता, चम्बा से इस महाविद्यालय में आए।
- श्रीमती शशी किरण ने अधीक्षक ग्रेड-1 के रूप मैं महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।

**स्थानांतरण**

इस वर्ष निम्नलिखित प्राध्यापक इस महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए-

- प्रो.रिपन कुमार सहायक आचार्य रसायन विज्ञान राजकीय महाविद्यालय घुमारवी।
- प्रो.अनिल जामवाल सह आचार्य भूगोल राजकीय महाविद्यालय घुमारवी।
- डॉ नवीन शर्मा सहायक आचार्य संस्कृत राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट।
- प्रो. सतीश चौहान सह आचार्य अर्थशास्त्र राजकीय महाविद्यालय बरांडा स्थानांतरित हुए।

**छात्रों का प्रवेश:-**

इस सत्र में कुल 592 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिनमें से बी.ए प्रथम वर्ष में 161 , द्वितीय वर्ष में 88, तृतीय वर्ष में 103 तथा बीकॉम प्रथम वर्ष में 60, द्वितीय वर्ष में 32, तृतीय वर्ष में 51 एवं बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में 37, द्वितीय वर्ष में 23 तथा तृतीय वर्ष में 37 विद्यार्थी हैं, इनमें से 181 छात्र व 411 छात्राएं हैं।

**कला संकाय**

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुलयोग |
|---|---|---|---|
| बी.ए. प्रथम वर्ष | 42 | 119 | 161 |
| बी.ए.द्वितीय वर्ष | 15 | 73 | 88 |
| बी.ए.तृतीय वर्ष | 23 | 80 | 103 |

**वाणिज्य संकाय**

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुलयोग |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| बीकॉम प्रथम वर्ष | 28 | 32 | 60 |
| बीकॉम द्वितीय वर्ष | 17 | 15 | 32 |
| बीकॉम तृतीय वर्ष | 21 | 30 | 51 |

**विज्ञान संकाय**

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल योग |
|---|---|---|---|
| बीएससी प्रथम वर्ष | 16 | 21 | 37 |
| बीएससी द्वितीय वर्ष | 05 | 18 | 23 |
| बीएससी तृतीय वर्ष | 14 | 23 | 37 |

**परीक्षा परिणाम:-**

वार्षिक परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत 2022 में तृतीय वर्ष में 190 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमे 186 विद्यार्थी उतीर्ण हुए, महाविद्यालय का उतीर्ण प्रतिशत 97.89 % रहा I कला संकाय में 98.05%, वाणिज्य में 96% और विज्ञानं संकाय का उतीर्ण प्रतिशत 100% रहा I

**सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ :**

सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास के लिए अति आवश्यक है। महाविद्यालय की वॉलीबॉल (छात्रा) टीम ने अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया जो राजकीय महाविद्यालय संजौली में आयोजित की गयी थी I

**केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद (CSCA) :**

लिंगदोह समिति की सिफारिशों तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के आधार पर , प्रति वर्ष महाविद्यालय में केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद का गठन मैरिट आधार पर होता रहा है। इस वर्ष भी केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन किया गया है जिसमे अक्षय कुमार बी.ए .तृतीय वर्ष को अध्यक्ष, नकिता बी.कोम, तृतीय वर्ष को उपाध्यक्ष, शिल्पा बी.ए .प्रथम वर्ष को सचिव, तथा भव्या बी.एस.सी . प्रथम वर्ष को सहसचिव पद पर मनोनीत किया गया I इसके अतिरिक्त 17 अन्य छात्रों को मैरिट के आधार पर कक्षा प्रतिनिधि , क्लब प्रतिनिधि , NSS प्रतिनिधि सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया I

**गृह परीक्षा**

महाविद्यालय में सत्र 2022-23 में प्रो. राजेंदर कुमार के समन्वय में आयोजित गृह परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । जो विद्यार्थी किसी कारणवश उक्त परीक्षा नहीं दे पाए उन्हें पुनः एक विशेष अवसर प्रदान किया गया ताकि वार्षिक परीक्षा में बैठने की उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके। समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिकी परीक्षा एवं प्रदत्त कार्य सभी विभागों द्वारा सम्पन्न करवाए गए।

**प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ:**

वर्ष 2022-23 में प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ इस प्रकार से हैं :

- प्रो. सतीश कुमार ने Pantech Prolabs द्वारा 31 अक्टूबर से 03 दिसम्बर तक चार सप्ताह का कृत्रिम बोधिकता पर आयोजित कोर्स सम्पन्न लिया।
- साथ ही आपने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "Mathematics in Space and Applied Sciences" में शोधपत्र प्रस्तुत किया और "राष्ट्रीय आविष्कार अभियान" के अंतर्गत राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला झंडूता में विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- प्रो. राजेंदर कुमार सहायक आचार्य भूगोल विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 26 जून से 10 जुलाई 2022 तक दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) Recent Trends in Geography विषय पर सम्पन्न किया।
- आपने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 28 दिसम्बर 2022 से 10 जनवरी 2023 तक दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course)Environmental Science विषय पर सम्पन्न किया।
- साथ ही आपने द्वारा लिखित पुस्तक HUMAN GEOGRAPHY का प्रकाशन Academic and Agrovet Books-New Delhi-110002 द्वारा अक्टूबर 2022 में किया गया।
- प्रो. रेखा शर्मा सहायक आचार्या गणित विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2022 तक दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) Advanced Reserach Methodology विषय पर सम्पन्न किया।
- इसके अतिरिक्त आपने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 02 जनवरी से 08 जनवरी 2023 तक Academic Research Writing पर आयोजित FDP, सम्पन्न किया।
- साथ ही आपने स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय निहरी से 05 दिसम्बर 2022 से 12 दिसम्बर 2022 तक कार्यशाला में भाग लिया।
- प्रो. रेखा शर्मा ने चरण कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग में आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस में शोध पत्र भी प्रस्तुत किया।
- प्रोफ सुरेश शर्मा सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग द्वारा लिखित पुस्तक Business Studies का प्रकाशन kalyani Publishers द्वारा किया गया।
- आपने उद्यमशीलता के विषय पर भाषण के माध्यम से राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला झंडूता के छात्रों को ज्ञान दिया।

- प्रो. कमलेश कुमारी, सहायक आचार्या जन्तु विज्ञान विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 25 अप्रैल जून से 09 मई 2022 तक दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) सम्पन्न किया I
- इसके अतिरिक्त आपने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 2 मार्च से 19 अप्रैल 2022 तक चार सप्ताह का अभिविन्यास कोर्स (Orientation course) सम्पन्न किया I
- प्रो. पंकज शर्मा, सहायक आचार्य इतिहास विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 21 अप्रैल से 19 मार्च 2022 तक चार सप्ताह का अभिविन्यास कोर्स (Orientation course ) सम्पन्न किया I
- प्रो. अर्चना शर्मा, सहायक आचार्या हिंदी विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय से 21 अप्रैल से 19 मार्च 2022 तक चार सप्ताह का अभिविन्यास कोर्स (Orientation course ) सम्पन्न किया I
- प्रो. प्रतीक देसवाल ने राजकीय महाविद्यालय भोरंज में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया I
- प्रो. दामोदर गौतम ने हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय में 24 एवं 25 जून 2022 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया I
- साथ ही आपने दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत हंसराज महाविद्यालय में 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजित अन्तर्रष्ट्रीय सम्मलेन में शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
- प्रो. रंजू कुमारी, सहायक आचार्या संगीत विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 21 अप्रैल से 19 मार्च 2022 तक चार सप्ताह का अभिविन्यास कोर्स (Orientation course ) सम्पन्न किया I
- साथ ही आपने सरकारी महाविद्यालय निहरी में 05 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आयोजित इ-वर्कशॉप में भाग लिया I
- प्रो. नितेश कुमार , सहायक आचार्य रसायन विभाग ने रामानुजन कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय से 21 अप्रैल से 19 मार्च 2022 तक चार सप्ताह का अभिविन्यास कोर्स (Orientation course ) सम्पन्न किया I

**महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन:-**

- 05 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 तक महाविद्यालय में **हर घर तिरंगा** अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 05 अगस्त को **"राष्ट्र ध्वज तिरंगा से**

**संबंधित"** नारा लेखन प्रतियोगिता , 06 अगस्त 2022 को पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता , 08 अगस्त को देशभक्ति गान प्रतियोगिता, 10 अगस्त को भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 12 अगस्त को महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग और छात्रों ने रैली के माध्यम से लोगों को राष्ट्र प्रेम और तिरंगा के महत्व से अवगत करवाया।

- 14 सितम्बर 2022 को हिन्दी राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाषा संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में गैएटी थिएटर, शिमला, गैएटी थिटर में भाग लिया।
- साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष पर भाषण, निबन्ध लेखन, कविता पाठ, हिन्दी में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आदि अनेक प्रतियोगिताएं करवाई।
- 25 फ़रवरी 2023 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।04 मार्च को रोड सेफ्टी क्लब ने सड़क सुरक्षा पर प्रोफ सुरेश शर्मा का व्याख्यान आयोजित किया जिसमे उन्होंने विद्याथियों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बारे में जानकारी दी।
- 04 मार्च को महाविद्यालय के विद्यार्थोयों ने बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे उन्होंने आपने कौशल से पर्यावरण के संरक्षण का सन्देश दिया।
- 07 मार्च 2023 को महाविद्यालय के वीमेन सेल (women cell) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया।
- 28 फ़रवरी 2023 को महाविद्यालय के साइंस विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जिसमे विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने व्याख्यान के माध्यम से विज्ञान के महत्व को उजागर किया।

**विकासात्मक गतिविधियां:**

महोदय, यद्यपि हमारे पास संसाधनों का अभाव है फिर भी विद्यार्थियों को सुविधा देने का हमारा प्रयास निरंतर जारी है। इस सत्र में विद्यार्थियों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से निम्न कार्य किए गए।

1. उत्कृष्ट महाविद्यालय के अंतर्गत महाविद्यालय को एक करोड़ रुपए सत्र 2020-2 में प्राप्त हुए, उससे लोक निर्माण विभाग के माध्यम से महाविद्यालय में सीवेरज तथा छत से पानी के रिसाव को रोकने का कार्य किया गया।
2. महाविद्यालय में विज्ञान भवन का कार्य प्रगति पर है तथा गत वर्ष इस कार्य को और तेज़ी से करने के लिए महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर विभाग के साथ बजट के लिए पत्राचार किया जा रहा है ।

**रेड रिबन क्लब (Red Ribbon club)**

प्रो. शालिनी के नेतृत्व में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया । 12 अक्टूबर 2022 से 30 अक्तूबर 2022 तक हि. प्र. , एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सहयोग से एड्स और टीबी पर एक सप्ताह का जागरूकता अभियान चलाया गया ।इसमें एड्स पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ अंकित कश्यप सी.एच.सी. झंडूता, रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्रों को एड्स, टीबी, मानसिक तनाव और रक्तदान के लाभों के बारे में जानकारी दी। 23 फरवरी 2022 को एड्स जागरूकता पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । 21 फरवरी 2022 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 27फ़रवरी 2023 को रेड रिबन प्रभारी प्रो. शालिनी के नेतृत्व में 04 विद्यार्थियों ने बिलासपुर अस्पताल में HIV/AIDS सम्बंधित जानकारी प्राप्त की।

**आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ : (IQAC-CELL)** महाविद्यालय में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ गठित किया गया है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सतीश कुमार है। यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सरकारी स्तर पर मिलने वाले वित्तीय प्रावधानों से सम्बन्धित अनिवार्य औपचारिकताओं के निर्वहन हेतु महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के प्रमाणन से सम्बन्धी आवश्यक दस्तावेज जुटाने का महत्वपूर्ण दायित्व निर्वाह इस प्रकोष्ठ द्वारा दक्षता के साथ किया गया है व महाविद्यालय को 'सी' श्रेणी की मान्यता प्राप्त है।

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रकोष्ठ : (UGC-CELL)** महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सतीश कुमार है। यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय को केन्द्र सरकार के इस उपक्रम से सम्बद्धता एवं मान्यता प्रदान करवाने में सक्षम रहा है। UGC द्वारा महाविद्यालय को 2f एवं 12B की सूची में सम्मिलित किया गया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को स्थायी रुप से सम्बद्धता प्रदान की गई है।

**व्यवसाय मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ (CAREER COUNSELING & GUIDANCE CELL):**

विभिन्न व्यवसायों से संबंधित परामर्श एवं मार्गदर्शन हेतु महाविद्यालय में इस प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर राजेंदर कुमार हैं। इस प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक करने के लिए इस सत्र में दिनांक 20 फ़रवरी 2022 को एकदिवसीय व्याख्यानका आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें श्री अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने सनातक उपाधि पूर्ण होने बाद सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। 02 मार्च 2023 को अग्निवीर योजना से विद्यार्थियों को अवगत करवाने के लिए महाविद्यालय के व्यवसाय मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ ने श्री वी.एस चौहान, बी.र.ओ ऑफिस हमीरपुर द्वारा व्याखान का आयोजन कराया जिसमे 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

**रोवरस और रेंजरज़ (ROVERS & RANGERS) :**

महाविद्यालय में रोवर एण्ड रेनजर क्लब ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। NSS के अतिरिक्त यह दूसरी सामाजिक योजना है जो विद्यार्थियों में अनेक गुणों का संचार करती है। 06 अक्टूबर-2018 को इस यूनिट की महाविद्यालय में शुरूआत हुई। इसमें 16 विद्यार्थी रोवरस और 24 विद्यार्थी रेनजरस के रूप में

पंजीकृत हैं। रोवर प्रभारी प्रो० नितेश कुमार व रेनजर प्रभारी प्रो० रंजु कार्य कर रही है। महाविद्यालय में इस इकाई द्वारा स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष 04 रोवर ने स्टेट लेवल निपुण टेस्टिंग कैंप में भाग लिया जो स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रेवाल्सर में 31 अगस्त 2022 से 04 सितम्बर 2022 के बीच आयोजित हुआ।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):**

इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्य कर रही है जिसमें 78 स्वयंसेवी पंजीकृत है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. प्रतीक देसवाल के मार्गदर्शन में NSS की स्थानीय इकाई द्वारा सत्र 2022-23 में विभिन्न गतिविधियां करवाई गई:

1. 05-अगस्त-2022 से 15-अगस्त-2022 तक **हर घर तिरंगा** अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के NSS स्वयं सेवियों ने Iconic Week का आयोजन किया जिसमे उन्होंने महाविद्यालय परिसर की सफाई की और रैली निकालकर लोगों को देशभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया।
2. NSS स्वयं सेवियों ने सितम्बर के महीने में **पोषण माह** मनाया और शपथ ली तथा लोगों के बीच जाकर स्वस्थ पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी ।
3. 31 अक्टूबर 2023 को एकता दिवस के मौके पर स्वयं सेवियों ने आनंद घाट तक एकता दौड़ का आयोजन किया और लोगों के बीच एकता का सन्देश दिया।
4. स्थानीय इकाई द्वारा 15 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कैंपस की सफाई, झाड़ियों को काटना तथा स्वच्छता रैली आयोजित की गयी।
5. 26 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस के मौके पर महाविद्यालय के स्वयं सेवियों ने कार्यशाला का आयोजन किया और राष्ट्रीय गान और व्याख्यान के माध्यम से सविंधान के प्रति जागरूकता बढाई।
6. NSS इकाई द्वारा 11 फरवरी 2023 से 17 फरवरी 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। इसमे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात, पर्यावरण सुरक्षा , नशा निवारण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,भारतीय सेना का गौरव के विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। विशेष शिविर के दौरान स्वयं सेवियों ने कैंपस और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान का आयोजन किया।
7. स्वयं सेवियों ने Covid- Booster Dose के प्रति लोगों के भ्रम रैली के माध्यम से दूर किये और विशेषज्ञों के व्याखान आयोजित करके छात्रों से Booster Dose लगवाने की अपील की।
8. महाविद्यालय की राष्ट्रीयसेवा योजना इकाई की स्वयंसेवी किरण लता का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हुआ।

महाविद्यालय में इस सत्र में नवीन पहल करते हुए पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया जिनमे (Best out of waste) बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, इको-ब्रिक्स (eco-bricks), बायो-एन्ज्य्मेस (Bio-enzymes)जैसी कार्यशालाएं करवाई गयी जिनमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इसके अन्तर्गत प्रो. रंजू कुमारी ने 04 मार्च और 11 मार्च को बेस्ट आउट ऑफ़

वेस्ट प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जिसमे विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोग में लाने के लिए नए मोडल्स तैयार किये और पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश दिया।

**छात्रवृत्तियाँ :-**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा है जिसमें वर्ष 2022-23 में महाविद्यालय के 125 छात्रों ने आवेदन किया है।

| वर्ग | फ्रेश | रिन्यूवल |
|---|---|---|
| कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 06 | 11 |
| अनुसूचित जाति (SC) | 20 | 19 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 05 | 02 |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 00 | 01 |
| माइनॉरिटी कम्युनिटी (Minority Community) | 02 | 00 |
| महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय छात्रों के लिए केन्द्रीय छात्रवृति (CENTRAL SECTOR SCHEME OF SCHOLARSHIPS FOR COLLEGE AND UNIVERSITY STUDENTS) | 17 | 09 |
| एकोनोमिकाल्ली बैकवर्ड क्लास ( Economically Backward Class) | 00 | 00 |
| Mukhyamantri Vidyarthi Kalyan Yojana (IRDP) | 08 | 04 |

**अध्यापक-अभिभावक संघ (PTA)**

किसी भी शिक्षण संस्थान को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है | इस सन्दर्भ में 25 दिसंबर 2022 को प्राचार्या महोदया की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन हुआ | इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया।

- श्री दलजीत सिंह कटवाल- प्रधान
- श्री सुनील कुमार –उप प्रधान
- प्रो. सुरेश कुमार शर्मा –सचिव
- श्री अनिल कुमार– सह सचिव
- श्री तिलक राज – कोषाध्यक्ष

**वार्षिक पत्रिका(रुक्मणी धारा)**

**मुख्य सम्पादक :-प्रो. सतीश चंदेल**

विद्यार्थियों की संरचनात्मक व लेखन सम्बन्धी प्रतिभाओं को निखारने हेतु महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष **"रुक्मिणी धारा"** नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। सत्र 2022-23 की महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन कार्य प्रगति पर है। इस पत्रिका में लेख हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, वाणिज्य, पहाड़ी एवं योजना अनुभागों में संग्रहित किये जाते हैं ।

**विकास के लिए अपेक्षाएं :-**

मान्यवर विकास एक सतत प्रक्रिया है तथा इस महाविद्यालय को समग्र विकसित संस्थान का रूप देने के लिए अभी तक बहुत कुछ करवाना शेष है। जिसके लिए आपका अनवरत सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। मैं कुछ मूर्त समस्याओं की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ :-

- विज्ञान भवन का 8 मार्च 2019 को शिलान्यास हुआ, विज्ञान भवन के लिए अतिरिक्त 7 बीघा भूमि का अधिग्रहण किया गया। अब महाविद्यालय की कुल लगभग 22.6 बीघा भूमि हो गई है। विज्ञान भवन के लिए 10 करोड़ 9 लाख की राशि स्वीकृत है उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में शीघ्र ही विज्ञान संकाय का निर्माण पूरा हो जाएगा।
- खेलों के महत्त्व को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के लिए बास्केटबॉल, वॉलीबाल कोर्ट का निर्माण एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जाएंगे।
- शारीरिक शिक्षक एवं वनस्पति विज्ञान प्राध्यापकों के अपेक्षित पद सृजित करवाकर प्राध्यापकों की यथाशीघ्र व्यवस्था की जाएगी तथा उच्च अधिकारियों को पुन: अवगत करवाएंगे। जिससे क्षेत्र के विद्यार्थी विशेषत: छात्राएं लाभान्वित हो सके।
- इस सत्र में विद्यार्थियों को बेहतर व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स तथा BBA, BCA विषय को चलाने का प्रयास किया जाएगा।
- कार्यालय कार्य को कागज़ विहीन (Paperless) बनाने तथा ऑनलाइन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास करना भी हमारा लक्ष्य है ।

हम मुख्यातिथि महोदय के आभारी है जिन्होंने अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर हमें अनुगृहीत किया। मैं उन सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देती हूँ, जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। पुरस्कार सम्मान का द्योतक होता है तथा जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करता है। जो विद्यार्थी किसी कारण से इस अवसर से चूक गए हैं वे भविष्य में कड़ी मेहनत करके प्रतिस्पर्धा में आ सकते हैं। इस वर्ष स्नातक स्तर तक का अध्ययन पूर्ण करने वाले समस्त विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं देती हूँ तथा उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभेच्छा करती हूँ। मैं इस क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग, राजस्व

विभाग, पुलिस विभाग, जन प्रतिनिधि, अध्यापक-अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी एवं पूर्व छात्र संघ का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट करती हूँ। अच्छे परीक्षा परिणाम, खेल क्षेत्र में सुविधाओं का प्रयास महाविद्यालय में सतत अनुशासन एवं शैक्षणिक गरिमा बनाए रखने का श्रेय मेरे सहयोगी कर्मठ प्राध्यापकों, कुशल कार्यालय कर्मचारियों एवं अनुशासित-छात्र समुदाय को जाता है जिसके लिए वे भी धन्यवाद के पात्र हैं। मैं अन्त में एक बार पुनः मुख्यातिथि महोदय एवं गणमान्य अतिथियों का हमारे बीच उपस्थित होने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ।

**जयहिन्द, जय हिमाचल**

प्रो.अंजुबाला शर्मा
प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय झंडूता

जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश